आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :421 पृष्ठ –4 दिनांक 08 मार्च 2025 दिन शनिवार

# यूपी बोर्ड परीक्षाः सातवें दिन पकड़े गए कई मुन्ना भाई, 1.43 लाख स्टूडेंट्स ने छोड़ा पेपर

## यूपी बोर्ड की परीक्षाएं सातवें दिन भी शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई



यूपी बोर्ड की परीक्षाएं सातवें दिन भी शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई. यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं का गुरुवार को सातवां दिन था. गुरुवार को पहली पाली में हाई स्कूल की खुदरा व्यापार और इंटरमीडिएट की संगीत गायन, संगीत वादन और नृत्य कला की परीक्षा थी. वहीं दूसरी पाली में हाईस्कूल की मोबाइल रिपेयर और इंटरमीडिएट की भौतिक विज्ञान, मनोविज्ञान शिक्षा शास्त्र और तर्कशास्त्र की परीक्षाएं थी.दोनों पालियों में होने वाली परीक्षाओं के लिए 18 लाख 48 हजार 835 स्टूडेंट्स रजिस्टर्ड थे. इनमें से 1 लाख 43 हजार 608 स्टूडेंट अनुपस्थित रहे. गुरुवार की परीक्षा में दोनों पालियों में 17 लाख 05 हजार 227 स्टूडेंट ही शामिल हुए. जबकि आज हुई परीक्षा प्रदेश के सभी जिलों में शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई. कहीं से किसी गड़बड़ी की कोई जानकारी सामने नहीं आई है.


हाईस्कूल की परीक्षा में गुरुवार को कोई परीक्षार्थी नकल करते नहीं पकड़ा गया है. :जबकि इंटरमीडिएट में नकल करते हुए एक परीक्षार्थी पकड़ा गया है. 24 फरवरी से शुरू हुई यूपी बोर्ड की परीक्षा में अब तक कुल 16 स्टूडेंट नकल करते हुए पकड़े गए हैं. आज की परीक्षा में 06 मुन्ना भाइयों और चार अन्य समेत कुल 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है.यूपी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर अब तक कुल 51 एफआईआर दर्ज कराई गई है. गुरुवार को सातवें दिन आजमगढ़ के एक परीक्षा केंद्र पर एसटीएफ द्वारा चार मुन्ना भाई पकड़े गए, जबकि गाजीपुर और औरैया में एक–एक मुन्ना भाई पकड़े गए. वहीं प्रयागराज जिले के एक परीक्षा केंद्र पर नकल करने के प्रयास में चार व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है. यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने जानकारी दी है. बता दें कि यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के दौरान कड़ी निगरानी की जा रही है. स्टूडेंट्स की सेंटर पर एंट्री से पहले उनकी अच्छे से जांच की जा रही है.

## होली के पहले सेहत से खेल, बेंचे जा रहे एक्सपायर सामान, . खराब रिफाइंड, मैदा से बने चिप्स–कचरी, सेंवई

होली के पहले सस्ते के फेर में कहीं आप जानलेवा बीमारी घर तो नहीं ला रहे हैं. त्योहार पर सस्ते सामान खरीदते हैं तो सावधान हो जाइए. आप भी अगर मिलावटखोरों की साजिश का शिकार हुए तो पाताल पहुंच जाएंगे क्योंकि त्योहार के पहले तहखाने में सेहत से खेल चल रहा है. गंदगी और मानकों को धता बताते हुए दो से तीन साल पहले एक्सपायर हो चुके रिफाइंड, खराब हो चुके मैदा, एक्सपायर मसाले, रंग और हानिकारक रसायनों से कचरी, चिप्स और संेवई की जा रही थी. ठेले–खोमचे का 100 रुपए के रजिस्ट्रेशन की आड़ में बीते 10 सालों से ये खेल चल रहा है. जानवरों की सेहत को भी नुकसान पहुंचाने वाले खाने के सामान से मिलावटखोरों ने बाजार को पाट दिया है. इससे जहां त्योहार पर जनता बेहाल तो वहीं मिलावटखोर मालामाल हो रहे हैं. ताजा मामला यूपी के गोरखपुर का है. गोरखपुर के हावर्ट बंधे के बंधे के पास तहखाने में चल रही फैक्ट्री पर जब खाद्य–रसद और औषधि प्रशासन की टीम ने सहायक आयुक्त खाद्य सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में छापा मारा तो उनके भी होश उड़ गए. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाने–पीने की वस्तुओं में मिलावट करने वाले मिलाटखोरों के खिलाफ सख्त

कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. गोरखपुर में मिलावटखोरों की जड़ें पाताल तक पहुंच चुकी है. गोरखपुर फूड विभाग की टीम ने एक ऐसी फैक्ट्री पकड़ी है, जिसमें तीन तहखानों में तीन से चार साल पहले एक्सपायर हो चुके रिफाइंड, खराब हो चुके एक्सपायर मैदा, एक्सपायर प्रतिबंधित रंग और हानिकारक कैमिकल का उपयोग कर जहरीले चिप्स–कचरी और सेंवई तैयार किए जा रहे थे. ये खेल पिछले 10 सालों से ठेले–खोंमचे के 100 रुपए के बांड पर चल रहा था. मिलावटखोर जहां डाल–डाल तो वहीं फूड विभाग की टीम पात–पात उनका पीछा करते हुए चल रही है.इस बार मिलावटखोरों ने इनकी नजर से बचने के लिए पाताल यानी तहखानेनुमा बेसमेंट में ही चोरी–छुपे फैक्ट्री डाल दी है. गोरखपुर के सहायक आयुक्त खाद्य सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि इस फैक्ट्री में तीन तहखाने बनाए गए हैं. इसी में लोगों की सेहत से खिलवाड़ का खेल बीते 10 सालों से चल रहा है. भीषण गंदगी और एक्सपायर सामान से खाने के लिए प्रति. बंधित रंग का इस्तेमाल करके चिप्स तैयार कर बाजार में पहुंचाया जा रहा था. फूड विभाग की टीम ने भारी मात्रा में गंदगी में मानक को धता बताते हुए तैयार किया गया चिप्स और अन्य आइटम बरामद कर नमूना एकत्र कर सारे माल को सील कर दिया है.गोरखपुर के हावर्ट बंधे के पास चौन सिंह मंदिर के पास कचरी और पापड़ बनाने का काम किया जाता है. फैक्ट्री में दो–तीन तहखाने में हानिकारक रसायन के साथ मैदा और रंग के साथ रिफाइंड से इसे तैयार किया जा रहा है. जो रिफा. इंड मिला है, वो भी दो से तीन साल पुराना है. सोडा और अन्य सामान और मसाले सभी चीजें एक्सपायर हैं. नमकीन और कचरी में किसी भी तरह के रंग का प्रयोग प्रतिबंधित है. इसे मिलाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है. इसके प्रयोग के लिए फक्ट्री चलाने वाले लोगों को मना किया गया है. लोगों से अपील किया गया है कि सेहते के लिए हानिकारक रंग मिली हुई ऐसी चीजें न बेचें और न ही खाएं. अभी इनके पास लाइसेंस नहीं है. ठेले–खोमचों वाला 100 रुपए का रजिस्ट्रेशन करा रखें हैं. पंजीकरण नहीं होने की वजह से विभाग की नजर में अभी तक नहीं आए थे. इनकी फैक्ट्री 10 साल से चल रही है. यहां पर स्टाक्स होली की वजह से बेच दिया है. यहां पर 50 से 60 क्विंटल की मात्रा में चिप्स और अन्य सामान है. अन्य सेवईं और सामान बरामद हुआ है. गंदगी में बना हुआ सामान सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है. ये लीवर और किडनी के साथ अन्य तंत्रों को भी खराब करता है. जो बाद में गंभीर बीमारियों को जन्म देता है. अभी ब्रांड की पुष्टि नहीं हो पाई है. ये बाजार से बोरे खरीदकर उसमें पैकिंग करके सामान को बाजार तक पहुंचाते हैं.

## होली का आगाज : सीएम योगी ने मथुरा के बरसाना में रंगोत्सव 2025 की शुरुआत



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, ष्महाकुंभ के भव्य आयोजन के बाद आज मैं होली की शुभकामनाएं देने और राधा रानी के चरणों में नमन करने बरसाना आया हूं। हमारी ब्रजभूमि भारत के सनातन धर्म की अगाध श्रद्धा की भूमि है और यह हमारा सौभाग्य है कि बाबा विश्वनाथ का धाम काशी, मर्यादा पुरुषोत्तम राम की पावन जन्मभूमि अयोध्या और लीलाधारी श्रीकृष्ण की जन्मभूमि और लीलाभूमि मथुरा, वृंदावन और बरसाना उत्तर प्रदेश में हैं।

## युवती की निर्मम हत्या, लाश देख दहल गए लोगों के दिलय धड़ पड़ा मिला... सिर गायब

बहराइच में युवती की निर्मम हत्या कर दी गई। उसकी सिर कटी लाश नहर की पटरी पर मिली है। लाश देखकर लोगों के दिल दहल गए। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। यूपी के बहराइच में युवती की निर्मम हत्या कर दी गई। उसकी लाश नहर की पटरी पर पड़ी मिली। उसका सिर गायब है। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने देखा तो सहम गए। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना नानपारा कोतवाली क्षेत्र के गिरधरपुर नहर के पास की है।मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौका मुआयना करके जानकारी जुटाई। सीओ डीके श्रीवास्तव ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। मृतका का सिर नहर में फेंकने की आशंका जताई जा रही है। गोताखोरों की मदद से तलाश कराया जा रहा है।

## शराब के नशे में पिता पर हमला करने लगा बेटा, बचाने आई मां को भाला घोंपकर उतारा मौत के घाट

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. शराब के नशे में धुत युवक ने भाला मारकर अपनी मां की हत्या कर दी. जब ग्रामीणों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो उन पर भी हमलावर हो गया और दो लोगों को घायल कर दिया. गांव वालों ने किसी तरह से उसे पकड़कर पुलिस के हवाले किया. पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और कलयुगी शराबी बेटे से पूछताछ कर रही है.शाहजहांपुर के निगोही थाना क्षेत्र के गांव गनपतपुर में शराब के नशे में पिता पर हमला करने पर बचाव में आई 65 वर्षीय मां मैना देवी को बड़े बेटे विपिन कुमार ने भाला मार दिया. इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद भागते समय गांव के दो लोगों ने पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी ने भाला मारकर उन्हें भी घायल कर दिया. ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया.निगोही के गांव गनपतपुर निवासी भाईलाल का बड़ा बेटा विपिन कुमार शराब पीने का आदी है. बुधवार से वह शराब पीकर घूम रहा था. रात में नशे में उसने अपनी पत्नी राधा देवी को पीट दिया. तड़के चार बजे फिर से जागा और डंडा मारकर पत्नी का सिर फोड़ दिया. इसके बाद भाला लेकर मकान के बाहर बैठ गया था. बृहस्पतिवार को पिता भाईलाल आए और मकान के बाहर बैठे बेटे को समझाने का प्रयास किया. पिता ने उससे कहा कि झगड़ा न करो और अंदर चलकर खाना खा लो. इतनी बात सुनकर वह पिता के ऊपर भाला लेकर दौड़ पड़ा. मकान के अंदर टिनशेड के नीचे बैठी मैना देवी ने देखा तो वह दौड़कर आई और भाला पकड़ लिया. परिजन के अनुसार, विपिन ने उनके चेहरे पर भाला से वार किया.इसके बाद लगातार कई वार कर मौत के घाट उतार दिया. घटना के बाद वह भागा तो पकड़ने का प्रयास करने पर गांव के राधेश्याम और अरुण को भाला मारकर घायल कर दिया. लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया. शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है. तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी.

## देहरादून :अवैध मदरसों पर बड़ी कार्रवाई, 15 को किया सील, मुस्लिम संगठन ने जताई आपत्ति



उत्तराखंड के देहरादून जिले में बिना पंजीकरण संचालित किए जा रहे मदरसों के खिलाफ कार्रवाई करने के जिला प्रशासन के आदेश के बाद 15 मदरसों को सील कर दिया गया है. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने बृहस्पतिवार को 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि जिले में सील किए गए मदरसे उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद से संबद्ध नहीं थे और उनके नक्शे भी मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) से स्वीकृत नहीं थे. डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन ने मदरसों को सील करने का आदेश पारित किया और संबंधित अधिकारियों ने उसका पालन किया. बंसल ने बताया कि जिले में इस तरह के करीब 60 मदरसे हैं. कुछ मदरसों के परिषद से संबद्ध न होने, उनके वित्त पोषण के स्रोतों के संदिग्ध होने तथा राज्य के बाहर के छात्रों के नाम भी वहां पंजीकृ त होने संबंधी खबरें सामने आई थीं जिसके बाद जनवरी में नगर निकाय चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर इसके सत्यापन के लिए अभियान चलाया गया था.उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने राज्य सरकार की इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि मदरसों का पंजीकरण उनमें पढ़ने वाले बच्चों की बेहतरी के लिए है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में सबको साथ लेकर चलने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सभी मदरसों में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) का पाठयक्रम शुरू किया गया है जिससे सब बच्चों को धार्मिक शिक्षा के साथ ही मुख्य धारा की शिक्षा भी मिल रही है.कासमी ने सभी मदरसा संचालकों से अपना पंजीकरण करवाने का आग्रह किया. उन्होंने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले परिषद ने 51 मदरसों को मान्यता दी है जबकि 37 अन्य को मानक पूरे करने के लिए कहा गया है. प्रदेश में मदरसा शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त करीब 500 मदरसे संचालित किए जा रहे हैं. मुस्लिम सेवा संगठन ने मदरसों को सील किए जाने की कार्रवाई के खिलाफ मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय और बुधवार को एमडीडीए कार्यालय पर प्रदर्शन किया.मुस्लिम सेवा संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी ने कहा कि मदरसों को सील करने की यह कार्रवाई अवैध है क्योंकि मदरसा प्रबंधकों को कोई पूर्व नोटिस जारी नहीं किया गया. संगठन के एक अन्य नेता आकिब कुरैशी ने आरोप लगाया कि दे. हरादून के सिटी मजिस्ट्रेट ने उनके संगठन से रमजान के दौरान मदरसों के खिलाफ कार्रवाई न करने का वादा किया था लेकिन उन्होंने उसे नहीं निभाया.

## धर्म नगरी में अमिताभ बच्चन ने खरीदी दो बीघा जमीन

अयोध्या. बॉलीवुड मेगास्टार और सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने रामनगरी अयोध्या में करीब दो बीघा जमीन खरीदी है. यह बेशकीमती जमीन राम मंदिर से 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है. अमिताभ बच्चन ने हरबंस राय बच्चन मेमोरियल ट्रस्ट के नाम से यह जमीन लगभग 86 लाख रुपए में खरीदी है. 31 जनवरी 2025 को सदर सब रजिस्टार आफिस में इसकी रजिस्ट्री हुई.मुंबई बेस्ड डेवलपर द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा ग्रुप ने अमिताभ बच्चन को यह जमीन बेची। यह जमीन अयोध्या के तिहुरा माझा में है, जो की राम मंदिर से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर है. जानकारी के मुताबिक अमिताभ बच्चन इस जमीन पर अपने पिता के नाम पर बने ट्रस्ट हरिवंश राय बच्चन मेमोरियल ट्रस्ट का निर्माण करवाएंगे. बता दें कि इससे पूर्व अयोध्या में अमिताभ बच्चन द्वारा जमीन खरीदने की बात सामने आई थी, लेकिन अब इसकी रजिस्ट्री हो गई है.9 फरवरी को रामलला का किया था दर्शन गौरतलब है कि अमिताभ बच्चन पिछले महीने 9 फरवरी को अयोध्या में रामलला के दर्शन करने पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने कहा था कि अब उनका अयोध्या आना जाना लगा रहेगा. बता दें कि अभिनंदन लोढ़ा ग्रुप से यह जमीन कहारीदी गई है वह अयोध्या में एक बहुत बड़ी आवासीय कॉलोनी भी विकसित कर रहा है. अब अमिताभ बच्चन द्वारा यहां जमीन खरीदने का बाद तिहुरा माझा में प्रॉपर्टी की कीमत और महंगी होने का दावा किया जा रहा है.

## गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि आज, सीएम योगी ने अर्पित की पुष्पांजलि

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर में महान स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व सीएम गो. विंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान सीएम योगी के साथ गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला भी मौजूद रहे। इस दौरान सीएम योगी ने कहा, ष्पंडित



गोविंद बल्लभ पंत देश के महान स्वतंत्रता सेनानी थे। प्रदेश और देश की जनता उन्हें एक बेहतरीन अधिवक्ता के साथ–साथ एक राजनेता और कुशल प्रशासक के रूप में भी याद करती है। देश की आजादी के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में उत्तर प्रदेश की व्यवस्था को आगे बढ़ाया। गोविंद बल्लभ पंत 1954 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे... आज हम सब उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

### बरेली : रमजान–होली पर अमन की अपील, मौलाना शहाबुद्दीन बोले– इमामों से जुमे की नमाज का वक्त बदलें



बरेली : होली और रमजान एक ही दिन पड़ने के चलते सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई है। आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने प्रदेशभर के इमामों और मुस्लिम समाज से अपील की कि कानून को अपने हाथ में न लें और अमन–शांति के साथ त्योहार मनाएं।मौलाना ने कहा कि चूंकि होली के दिन जुमे की नमाज भी पढ़ी जाएगी, इसलिए मिली–जुली आबादी वाले इलाकों में मस्जिदों के इमाम जुमे की नमाज का समय 2रू30 बजे कर सकते हैं, ताकि कोई असुविधा न हो। मुस्लिम बहुल इलाकों में समय बदलने की जरूरत नहीं है मौलाना ने मुस्लिम समाज से कहा कि होली के दिन दोपहर के समय 3–4 घंटे तक सड़कों और गलियों में निकलने से बचें। यदि कोई जरूरी काम हो तो बहुत एहतियात बरतें। उन्होंने समझाया कि यदि कोई बच्चा या अनजाने में कोई व्यक्ति रंग डाल देता है तो विवाद करने के बजाय घर जाकर कपड़े बदल लें, क्योंकि इस तरह के रंग से नापाकी नहीं होती।मौलाना ने हिंदू समाज से अपील की कि रोजेदारों या हिजाब पहनी महिलाओं पर रंग न डालें और अपने बच्चों को भी ऐसा न करने की हिदायत दें। उन्होंने रमजान के सम्मान की बात करते हुए कहा कि दोनों समाजों को एक–दूसरे के त्योहारों का पूरा सम्मान करना चाहिए।उन्होंने आला हजरत के हवाले से कहा कि किसी भी स्थिति में कानून अपने हाथ में न लें। यदि कोई समस्या होती है, तो तुरंत प्रशासन या अपने बड़ों को सूचित करें। उन्होंने कहा कि कुछ शरारती तत्व हिंदू–मुस्लिम भाईच. ारे को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं, इसलिए सभी को सतर्क रहना चाहिए और हर हाल में अमन–शांति बनाए रखना चाहिए।

# ब्रज क्षेत्र की प्रसिद्ध द्वार देहरी कहे जाने वाले हाथरस में होली का उत्सव धूमधाम से शुरू

ब्रज क्षेत्र की प्रसिद्ध द्वार देहरी कहे जाने वाले हाथरस में होली का उत्सव धूमधाम से शुरू हो गया है। बाजारों में रंग–गुलाल, पिचकारी और मुखौटों की खरीदारी तेज हो गई है। स्कूली बच्चों ने होली के जश्न में हिस्सा लिया और परीक्षार्थी भी इस मस्ती में शामिल हुए, उनका कहना था कि अगली परीक्षा होली के बाद होगी, इसलिए वे सहपाठियों के साथ होली खेल रहे हैं।हाथरस में जगह–जगह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यहां होली का विशेष महत्व है, और ब्रज क्षेत्र में इसे बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। स्थानीय लोग बरसाना, मथुरा, वृंदावन और नंदगांव में भी होली मनाने की योजना बना रहे हैं, जहां होली की विशेष परंपराएं हैं।त्योहार की तैयारियों में लोग जुटे हुए हैं, और दुकानों में रंग–गुलाल के साथ अन्य होली सामग्री की भी अच्छी बिक्री हो रही है। हाथरस को ब्रज की द्वार देहरी कहा जाता है, इसलिए यहां के लोग होली के खास अवसर पर मथुरा भी जाते हैं, जो होली के पर्व के लिए प्रसिद्ध है।

## सादाबाद के चौ.चरण सिंह तिराहे पर पॉलिथीन की फैक्ट्री में लगी भीषण आग, एक की हुई मौत दो हुए घायल, फायर कर्मियों ने पाया बमुश्किल काबू

सादाबाद कस्बे के चौधरी चरण सिंह तिराहे पर एक पॉलिथीन बनाने की फैक्ट्री है जिसमें शुक्रवार की रात 1रू00 बजे के लगभग भीषण आग लग गई। आग लगने से धर्मेंद्र नामक व्यक्ति सहित दो अन्य अंदर ही फंस गए। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया और अंदर फसे व्यक्तियों को बाहर निकाला, जिनमें से धर्मेंद्र नामक व्यक्ति की मौके पर ही जलकर दर्दनाक मौत हो गई वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर उपचार के लिए रेफर कर दिया है वहीं पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## हाथरस के हसायन में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया

हाथरस के हसायन में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। जलेसर रोड पर नगला डांडा और जरेरा के बीच कल एक प्राइवेट बस ने बाइक को टक्कर मार दी थी । हादसे में बाइक सवार विपिन (24) की मौके पर ही मौत हो गई थी।विपिन एटा के अवागढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव बोरा खुर्द का रहने वाला था। वह एक प्रा. इवेट कंपनी में काम करता था। वह अपनी मौसी के गांव कोंडरा से घर लौट रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बस में फंस गई और काफी दूर तक घसीटती चली गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने पथराव कर बस के शीशे तोड़ दिए थे।घटना के दिन ही विपिन की बहन की शादी थी और बारात भी आ चुकी थी। परिवार को जैसे ही हादसे की खबर मिली, शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। परिवार के सदस्य तुरंत पोस्टमार्टम गृह पहुंचे। परिवार ने पहले बहन की विदाई की रस्म पूरी की। बारात के जाने के बाद अगले दिन विपिन के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। परिवार के लोग पोस्टमार्टम के बाद परिवार शव को एटा ले गए। इन लोगों का कहना था कि कल विपिन की बहन की शादी थी। इसलिए उन्होंने कल डेडबॉडी का पोस्टमार्टम नहीं कराया था। आज डेडबॉडी का पोस्टमार्टम करा कर इसे एटा ले जा रहे हैं।

## हाथरस–जलेसर रोड पर सड़क दुर्घटना में आलू खुदाई के लिए जा रहे 20 मजदूर घायल

हाथरस–जलेसर रोड पर सड़क दुर्घटना में आलू खुदाई के लिए जा रहे 20 मजदूर घायल हो गए। दुर्घटना उस समय हुई जब गाड़ी का चालक एक अन्य वाहन को बचाने का प्रयास कर रहा था, और गाड़ी गंदे नाले के पास पलट गई। दुर्घटना में गाड़ी का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, लेकिन उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।घायलों में महेंद्र, गीता देवी, रामवीर, अनीता, सीमा, नीतू, नीलम, कविता, पूनम, अनिल, जयवंती, रेनू, जय देवी आदि शामिल हैं। सभी घायल मजदूर हाथरस के ढकपुरा और सुरंगपुरा गांवों के निवासी हैं और कैमार में आलू की खुदाई के लिए जा रहे थे।घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। दुर्घटना के तुरंत बाद सभी घायलों को पास के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। दुर्घटना के कारण क्षेत्र में भारी असुविधा उत्पन्न हो गई, क्योंकि इस समय आलू की खुदाई का काम जोरों पर है और बड़ी संख्या में मजदूर रोजाना इस काम के लिए जाते हैं। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है और चालक की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

## विश्व जैन संगठन की पहल के तहत दिल्ली से गिरनार तक 1500 किलो मीटर की अहिंसा पदयात्रा का आयोजन

विश्व जैन संगठन की पहल के तहत दिल्ली से गिरनार तक 1500 किलोमीटर की अहिंसा पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 23 मार्च से प्रारंभ होगी। संजय जैन के नेतृत्व में निकलने वाली यह यात्रा 101 दिनों में विभिन्न जनपदों से होते हुए 2 जुलाई को गिरनार पहुंचेगी। हाथरस में श्री जैन नवयुवक सभा के अध्यक्ष उमाशंकर जैन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यकारिणी बैठक में यात्रा के स्वागत की तैयारियों पर चर्चा की गई। दिगंबर जैन ग्लोबल महासभा के सहयोग से आयोजित इस यात्रा का हाथरस में भव्य स्वागत किया जाएगा। यात्रा का मुख्य उद्देश्य जैन समाज के युवाओं और आम जनता में अहिंसा के प्रति जागरूकता पैदा करना है। गिरनार पहुंचने पर भगवान नेम. िनाथ को लाडू अर्पित किया जाएगा।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद..बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव जैन भूरा, महामंत्री अमित जैन, कोषाध्यक्ष विवेक जैन, आशीष जैन, राकेश जैन, कमलेश जैन, सुधीर जैन, संदीप जैन, गगन जैन, अनूप जैन, जितेंद्र जैन आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## सासनी उपकेंद्र प्रथम पर विद्युत लाइनों की मरम्मत के कारण आज सुबह बिजली कटौती

सासनी उपकेंद्र प्रथम पर विद्युत लाइनों की मरम्मत के कारण आज सुबह बिजली कटौती की गई। सुबह 6 बजे से 8 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इस दौरान क्षेत्र के लगभग 9,500 लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिजली कटौती की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। इससे स्कूली बच्चों की दिनचर्या प्रभावित हुई। बच्चों को तैयार करने में देरी हुई और वे स्कूल देर से पहुंचे।नीरज चौधरी नाम के एक स्थानीय निवासी ने बताया कि बिजली न होने से पशुओं को समय पर पानी नहीं पिला पाए। उन्होंने बताया कि बिजली आपूर्ति बहाल होने के बाद ही पशुओं की देखभाल कर पाए।दुकानदार आलोक वार्ष्णेय ने कहा कि वह रोज सुबह जल्दी दुकान पर आते हैं। लेकिन बिजली न होने से न तो वह नहा पाए और न ही समय पर दुकान खोल पाए। बिजली विभाग की ओर से बिजली कटौती की पूर्व सूचना न देने से लोगों की दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो गई।एसडीओ आशीष रत्न का कहना है कि विद्युत कटौती के बारे में एक दिन पहले ही अखबारों में छपवा दिया गया था जिससे कि किसी को कोई परेशानी ना हो।

## सासनी कोतवाली में आगामी होली और रमजान को लेकर पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई

सासनी कोतवाली में आगामी होली और रमजान को लेकर पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देश पर यह बैठक हुई। इसमें उपजिलाधिकारी प्रज्ञा यादव और क्षेत्राधिकारी नगर योगेंद्र कृष्ण नारायण ने क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों और धर्मगुरुओं के साथ चर्चा की।अधिकारियों ने सभी से होली को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि होली जलाने के स्थान निर्विवाद होने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि होली वहीं जलाई जाए, जहां पहले से जलाई जाती रही है। शराब पीकर अराजकता फैलाने वालों पर रखें नजर नियत समय से पहले होली न जलाई जाए किसी पर जबरन रंग या कीचड़ न डाला जाए धार्मिक स्थलों पर रंग डालकर माहौल खराब न करें बैठक में अधिकारियों ने सभी से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया। उन्होंने क्षेत्र में शांति बनाए रखने में सहयोग के लिए उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया। साथ ही सभी को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दीं। बैठक के दौरान स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनी गईं और उनका फीडबैक लिया गया।

## हाथरस में जन औषधि दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हाथरस में जन औषधि दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद अनूप प्रधान मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि 7 मार्च 2019 से प्रतिवर्ष जन औषधि दिवस मनाया जाता है। जन औषधि केंद्रों पर दवाइयां बाजार मूल्य से 80 प्रतिशत कम कीमत पर उपलब्ध हैं।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दी जानक. ारी...मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मंजीत सिंह ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 36 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में 15,000 जन औषधि केंद्र चल रहे हैं। इन केंद्रों पर 2,047 प्रकार की दवाइयां और 300 सर्जिकल व अन्य उत्पाद उपलब्ध हैं। सभी उत्पादों की गुणवत्ता एन.ए.बी.एल. लैब द्वारा प्रमाणित है। वर्ष 2014 में मात्र 80 केंद्र थे, जो अब बढ़कर 15,000 हो गए हैं। सरकार का लक्ष्य मार्च 2026 तक 20,000 और मार्च 2027 तक 25,000 केंद्र स्थापित करने का है। वर्ष 2024 में इन केंद्रों से 1,800 करोड़ रुपये की दवाओं की बिक्री हुई है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।जन औषधि दिवस कार्यक्रम में मौजूद सांसद अनूप प्रधान, भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मंजीत सिंह व अन्य।

## हाथरस के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टुकसान में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया

हाथरस के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टुकसान में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला कल्याण विभाग द्वारा श्स्वस्थ नारी सशक्त नारीश थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने मैराथन रैली निक. ाली।छात्राओं ने मैं स्वतंत्र हूं, मुझे खुलकर जीने दोश और श्बाल विवाह अपराध हैश जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। दीक्षा, काजल, भारती, भावना, सुमन, खुशी और राधा ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बालिका शिक्षा का संदेश दिया।वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक मनीषा भारद्वाज ने छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बालिकाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1098, 1090, 181, 1076 की जानकारी दी। विशेष रूप से चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में बताया कि यह 0–18 वर्ष के बच्चों की मदद के लिए 24•7 उपलब्ध है।कार्यक्रम में कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना और निराश्रित महिला पेंशन योजना जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।केस वर्कर फारिहा नोशी ने वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली के बारे में विस्. तार से बताया। कार्यक्रम में विद्यालय की वार्डन शशिबाला और अध्यापिकाएं ममता मौर्य, नितेश, रीना तथा शशिबाला शिरोमणि उपस्थित रहीं।

## हाथरस में एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया

हाथरस में एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया है। विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) चित्रा शर्मा ने दोषी को 10 साल की कैद और अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला 9 जून 2019 का है। हाथरस शहर की किशोरी बाजार जाने के लिए घर से निकली थी।उसी के रिश्ते का एक युवक कुछ अन्य लोगों की मदद से उसका अपहरण कर ले गया। एक महीने बाद किशोरी को बरामद किया गया। किशोरी के डॉक्टरी परीक्षण और बयान के बाद पुलिस ने जांच की। आरोपी रवि उर्फ भोलू पुत्र महेश चंद्र निवासी बसई, थाना गोंडा, अलीगढ़ सहित चार के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। न्यायालय ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद रवि को दोषी करार दिया।इस मामले में तीन अन्य आरोपी भी थे। रवि की मां मंजूदेवी, लक्ष्मण सिंह और बॉबी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी मुकेश कुमार ने पैरवी की।

## सिकंदराबाद तहसील के गांव वैर मैं नहीं आ पा रहे सफाई कर्मी ग्रामीणों को स्वयं करनी पड़ रही है सफाई तालाब ओवर हो जाने के कारण गांव के घरो मैं गुस्सा पानी

सिकंदराबाद तहसील के गांव वैर मैं नहीं आ पा रहे सफाई कर्मी ग्रामीणों को स्वयं करनी पड़ रही है सफाई तालाब ओवर हो जाने के कारण गांव के घरो मैं गुस्सा पानी जहां एक तरफ मान्य मुख्यमंत्री गांव के अंदर तालाबों को सौंदर्य करण का रूप देते हुए नजर आ रहे हैं वही अधिकारी लोग मुख्यमंत्री के कानून को ठेंगा दिखाते हुए नजर आ रहे हैं जी हां यह किस्सा है गांव वैर बादशाह पूर का जहां लोगों को अपने आप ही सफाई करनी पड़ती है कोई सफाई कर्मी गांव के अंदर नहीं आता है गांव की नालिया गंदगी से भरी हुई है नालियों का पानी सड़कों पर किस तरह बहता हुआ नजर आ रहा है ग्रामीणों में प्रधान के खिलाफ आक्रोश नजर आ रहा है डॉ दिनेश का कहना है कि जब भी ग्राम प्रधान के पास में हम लोग फोन करते हैं तो फोन उठाते नहीं है स्विच बंद कर लेते हैं एक तरफ देखा जाए तो बदलते मौसम को देखते हुए मच्छरों का प्रकोप दिन पर दिन बढ़ता हुआ नजर आ रहा है वही ग्राम प्रधान व अधिकारियों आंखों पर चश्मा लगाए हुए बैठे हैं

## हाथरस जिले के बागला जिला अस्पताल में निःस्वार्थ सेवा संस्थान द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

हाथरस जिले के बागला जिला अस्पताल में निःस्वार्थ सेवा संस्थान द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर संस्थान के मुख्य कार्यकारिणी सदस्य वरुण अग्रवाल के पिता स्वर्गीय विष्णु कुमार अग्रवाल की स्मृति में आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का संचालन जिला अस्पताल के डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की देखरेख में किया गया। संस्थान के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने रक्तदान को एक महादान बताते हुए कहा कि यह किसी की जान बचाने का सबसे बेहतर तरीका है। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में संस्थान के सचिव नीरज गोयल, कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, सोशल मीडिया प्रभारी सारांश टालीवाल समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे। अस्पताल की ओर से जिला काउंसलर अरुण सूर्या, कमलेश, सिमरन और रिचा सेंगर सहित कई लोग उपस्थित थे। सभी ने रक्तदान के महत्व को समझते हुए दूसरों को भी नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। यह रक्तदान शिविर न केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा था, बल्कि यह स्थानीय समुदाय में जीवन रक्षक रक्तदान की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाने का भी एक महत्वपूर्ण प्रयास था।

# नगर निगम आउटसोर्स कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि पर महापौर और नगर आयुक्त का किया सम्मान

## आउटसोर्स सामान्य कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि करने पर महापौर पार्षदों और नगर आयुक्त का जीवन भर आभारी रहने का जताया आभार

नगर निगम आउटसोर्स कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि पर महापौर और नगर आयुक्त का किया सम्मान– आउटसोर्स सामान्य कर्मच. ारियों ने वेतन वृद्धि करने पर महापौर पार्षदों और नगर आयुक्त का जीवन भर आभारी रहने का जताया आभारनगर निगम अलीगढ़ में सालों से आउटसोर्स कर्मी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे सामान्य श्रेणी के ड्राइवर मिस्त्री हेल्पर आदि के वेतन में वृद्धि करने पर नगर निगम ड्राइवर संघ के अध्यक्ष शेखर जीवन और महामंत्री उदय सिंह के नेतृत्व में अनेकों ड्राइवर और सामान्य श्रेणी कर्मचारियों ने महापौर के कैंप कार्यालय पहुंचकर महापौर श्री प्रशांत सिंघल के नेतृत्व वाले समस्त पार्षदों व नगर आयुक्त विनोद कुमार का सम्मान करते हुए आभार जताया। इस अवसर पर



ड्राइवर संघ के अध्यक्ष शेखर जीवन और महामंत्री उदय सिंह ने संयुक्त रूप से कहा माननीय महापौर और नगर आयुक्त ने कर्मचारियों के हितों के लिए सदैव सक. ारात्मक सोच रखी है नगर निगम के वर्षों पुराने आउटसोर्स कर्मचारी माननीय महापौर पार्षदों और नगर आयुक्त द्वारा वेतन वृद्धि के लिए जीवन भर उनके कृतज्ञ रहेंगे।इस अवसर पर ड्राइवर इलियास सनी धर्मेंद्र अजय प्रताप पीटर कालीचरण सोनू आदि ड्राइवर व कर्मचारी मौजूद रहे

# वार्ष्णेय युवा संगठन, महानगर अलीगढ़ (रजि.) की नवीन कार्यकारिणी घोषित

वार्ष्णेय समाज को समर्पित सर्वाधिक सशक्त संगठन वार्ष्णेय युवा संगठन महानगर अलीगढ रजिस्टर्ड की अति आवश्यक बैठक स्थानीय आभा रेजेंसी , रामघाट रोड अलीगढ पर आहुत्त हुई । इस बैठक में वार्ष्णेय युवा संगठन महानगर अलीगढ रजिस्टर्ड की सत्र 2025 कि नवीन कार्यकारिणी की घोषणा संगठन के चेयरमेन नितिन घुट्टी ने वरचुअली रूप से की । संगठन के संस्थापक विष्णु भैया , सलाहकार आकाशदीप वार्ष्णेय एडवोकेट एवं भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक ने नवीन पदाधिकारियों का स्वागत पटका पहनाकर एवं माला पहनाकर किया । अध्यक्ष धनंजय वार्ष्णेय भय्यन ज्वेलर्स ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संगठन का होली महोत्सव कार्यक्रम इस वर्ष 12 मार्च को स्थानीय ग्रीन वेल्ली रिसोर्ट आगरा रोड पर होगा । इस कार्यक्रम हेतु संयोजक मंडल भी बनाया गया । बैठक का संचालन भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक ने किया । वार्ष्णेय युवा संगठन महानगर अलीगढ रजिस्टर्ड की नवीन कार्यकारिणी – सत्र 2025 के लिए इस प्रकार घोषित की गई । संगठन के संस्थापक विष्णु भैया एवं चेयरमेन नितिन



घुट्टी के अनुसार इस सत्र के लिए सलाहकार समिति में आकाशदीप वार्ष्णेय एडवोकेट, भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , अध्यक्ष धनन्जय वार्ष्णेय भय्यन ज्वेलर्स , उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता संजू जेएम डवलू , महामंत्री मनोज कुमार गुप्ता लकी, संयुक्त महामंत्री रोहित वार्ष्णेय पीतल , कोषाध्यक्ष आकाश गुप्ता भैया, संगठन मंत्री अनिल कुमार अन्नू , प्रचार मंत्री आशुतोष गुप्ता आशु गैस, मंत्री अतुल साइकिल , प्रमोद कुमार बॉबी, किशोर वार्ष्णेय कुरकुरे , सुमित वार्ष्णेय एडमिन , गौरांग वार्ष्णेय स्टील , कार्यकारिणी सदस्य नवनीत वार्ष्णेय छिपेटी , अतुल कुमार वार्ष्णेय पावनी लॉक्स , हेमेन्द्रनाथ वार्ष्णेय, रानू वार्ष्णेय स्क्रेप , दीपक वार्ष्णेय व्यापार मंडल , संदीप कुमार बैटरी , नवनीत वार्ष्णेय जौनी , लखन वार्ष्णेय लक्ष्मी ज्व. ेलर्स, विशाल नंदन सुड्डू , राहुल गुप्ता सरस्वती , प्रशान्त वार्ष्णेय भरत मोबाइल , हिमाशु गुप्ता एन, के. ,अंकुर सिलसन , रवि गद्दा को मनोनीत किया गया ।

# सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक संपन्न

## प्रधानमंत्री आवास योजना में सभी पात्रों की सूची 31 मार्च तक करें पूर्ण



अलीगढ़ : मा0 सांसद श्री सतीश कुमार गौतम की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आहुत की गई। मा0 सांसद ने अनूठी पहल करते हुए जिले के 05 ग्राम प्रधानों को भी दिशा की बैठक में प्रतिभाग कराया ताकि ग्राम स्तर की समस्याओं को समुचित ढ़ंग से सदन के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। मा0 सांसद ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी और मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा वर्चुअल एवं अन्य माध्यमों से किए गए लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यों को जब धरातल पर मूर्त रूप दिया जाए तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर आमजनमानस की मौज. ूदगी में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रति. निधि आम जनता से सीधे जुडे होते हैं और उनकी समस्याओं व शिकायतों के निस्तारण के लिए कृत संकल्पित हैं, ऐसे में उनके द्वारा किए गए फोन कॉल एवं प्रेषित पत्रों को गंभीरता से लेते हुए समुचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।मा0 सांसद ने मनरेगा की समीक्षा में निर्देशित किया कि जिन श्रमिकों ने 100 दिन कार्य किया है उनको श्रम विभाग में पंजीकृत कराया जाए ताकि उन्हें शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में सुगमता हो सके। डीसी एनआरएलएम ने बताया कि दीनदयाल अन्त्योदय योजना में एनआरएलएम के माध्यम से जिले में 16748 समूह गठित हैं जिनमें से 14174 समूहों को रिवाल्विंग फण्ड दिया जा चुका है। जिले में 7863 महिलाएं श्लखपति दीदीश बनी हैं। 02 ड्रोन दीदी टप्पल व धनीपुर में हैं जबकि 29 का और चयन हुआ है जिनका प्रशिक्षण कराया जाना है। कौशल विकास मिशन में प्लेसमेंट पाने वाले एवं प्रशिक्षणार्थियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में निर्मित 25 सड़कों को स्थानीय स्तर लोकार्पित कराने एवं 05 वर्ष तक गुणवत्तापरक अनुरक्षण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। पीएम किसान सम्मान निधि से वंचित लाभार्थियों की सूची ब्लॉकवार सभी बीडीओ एवं ब्लॉक प्रमुख को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।पीएम आवास शहरी 2.0 में बताया गया कि अब तक 13 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनके सत्यापन का कार्य किया जा रहा है, इसी प्रकार पीएम आवास ग्रामीण में 31 मार्च तक होने वाले सर्वे से पूर्व सभी ब्लॉक में ग्राम प्रधानों व ब्लॉक प्रमुख के साथ बैठक करने के निर्देश दिए ताकि कोई भी पात्र योजना के लाभ से वंचित न रहे। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायतों में बने सार्वजनिक शौचालयों की साफ–सफाई कराते हुए सुचारू रूप से संचालित कराने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन में एक्सईएन जल निगम को कार्यदायी संस्थाओं एवं उनके मालिकों के साथ पृथक से बैठक आहुत कराने के निर्देश दिए। डीडी कृषि ने बताया कि पीएम फसल बीमा योजना में 932 किसानों के लिए लगभग 48 लाख रूपये की धनराशि वितरित की जानी है जिसकी सूची तैयार कराई जा रही है। 12 हजार से अधिक मृदा कार्ड किसानों को वितरित किए गए हैं। बीज वितरण कार्यक्रम में पृथक–पृथक लाभार्थियों को लाभान्वित कराने के निर्देश दिए गए।मा0 सांसद ने राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत ब्लॉक टप्पल में 100 शैय्या चि. कत्सालय के लिए जल्द से जल्द भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। बीएसए ने बताया कि कायाकल्प में प्रदेश में पहला और निपुण भारत मिशन में 05 स्थान है। रसोईया एवं शिक्षामित्रों का मानदेय समय से दिया जा रहा है। नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्घाटन स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कराने के निर्देश दिए गए। जिला खनन अधिकारी को निर्देशित किया कि टप्पल एवं गौतमबुद्धनगर सीमा पर हो रहे खनन पर पैनी नजर रख अवैध आवागमन पर रोक लगाई जाए। नहरों की सिल्ट सफाई में बताया गया कि 72 नहरों में 711 किला. ेमीटर में सफाई कराई गई है। चण्डौस में सिंचाई विभाग के गैस्टहाउस का जीर्णोद्धार कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में पेंशन योजनाओं, स्वच्छ भारत मिशन शहरी, डिजिटल भारत भू–अभिलेख, विद्युत, आईसीडीएस, उज्ज्वला योजना, डिजिटल इण्डिया, बीएसएनएल, पीएम कृ षि सिंचाई योजना, अमृत योजना शहरी, एनएचएआई, बंजारा समाज के लिए मुख्यमंत्री आवास समेत अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।बैठक में मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह, मा0 एमएलसी डा0 तारिक मंसूर, जिलाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह, चेयरमैन अत. रौली बीरेन्द्र लोधी, सभी ब्लॉक प्रमुख, जिलाधिकारी संजीव रंजन, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, नगर आयुक्त विनोद कुमार, डीडीओ आलोक आर्य, पीडी भाल चन्द त्रिपाठी, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी समेत सभी बीडीओ एवं जिलास्तरीय अधिक. ारीगण उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लगाए गए महिला बाजार का मा0 सांसद सतीश गौतम में फीता काटकर किया शुभारंभ

अलीगढ़ : जिले की महिलाएं एनआरएलएम के माध्यम से जीविकोपार्जन कर खुद का भविष्य संवार रही हैं। यह महिलाएं अचार, मुरब्बे से लेकर पूजा समाग्री, जूट उद्योग समेत विभिन्न प्रकार के हस्त निर्मित उत्पादों को तैयार कर रही हैं। महिलाओं के द्वारा तैयार उत्पाद अब किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं, बल्कि गॉवों से निकलकर शहरों में भी अपनी अमिट छाप छोड़ रह हैं।उक्त उद्गार मा0 सांसद श्री सतीश कुमार गौतम द्वारा महिला दिवस के अवसर पर कलैक्ट्रेट परिसर में लगाए गए दो दिवसीय महिला बाजार का फीता काटकर शुभारंभ करने के उपरांत व्यक्त किए गए। उन्होंने कहा कि 2017 में जब प्रदेश की बागडोर योगी जी के हाथ में आई तो उन्होंने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की पहल की। उनका मानना है कि जब देश की आधी आबादी आर्थिक रूप से मजबूत होगी तभी देश आगे बढ़ेगा। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत शुरू किए गए विभिन्न प्रकार के कार्य अब अपना असर दिखाने लगे हैं।इस अवसर पर संतोषी माता स्वयं सहायता समूह द्वारा जूट उत्पाद, जय दुर्गे मां स्वयं सहायता समूह द्वारा मसाले एवं आचार, श्री राघव ग्रामीण महिला आजीविका मिशन द्वारा पूजा सामग्री किट, आरती स्वयं सहायता समूह द्वारा अचार, मुरब्बा, राधे–राधे महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा हाथरस की हींग, जय माता दी स्वयं सहायता समूह द्वारा विभिन्न प्रकार के हस्त निर्मित उत्पादों समेत रमाबाई स्वयं सहायता समूह, परि महिला बचत समूह, मोनिका स्वयं सहायता समूह, सखी गोविंदा स्वयं सहायता समूह द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पादों की स्टाल लगाई गई।इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह, मा0 एमएलसी डा0 तारिक मंसूर, जिलाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह, जिलाधिकारी संजीव रंजन, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, नगर आयुक्त विनोद कुमार समेत अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# कृषि विभाग द्वारा मण्डल के तकनीकी कर्मचारियों को आइपीएम तकनीकी और एनपीएसएस का दिया गया प्रशिक्षण

अलीगढ़ उप कृषि निदेशक कृषि रक्षा अलीगढ़ मंडल अलीगढ़ की अध्यक्षता में अलीगढ़, कासगंज, एटा एवं हाथरस के तकनीकी कर्मचारियों को आइपीएम तकनीकी और एनपीएसएस (छंजपवदंस च्मेज ॅनतअमपससंदबम ेलेजमउ )का प्रशिक्षण सीआईपीएमसी आगरा के पीपीओ ओम प्रकाश चौधरी, कृषि रक्षा अधिकारी अमित जायसवाल द्वारा शुक्रवार को कृषि कल्याण केंद्र अलीगढ़ में दिया गया।जिला कृषि रक्षा अधिकारी अमित जायसवाल ने बताया कि एनपीएसएस कृषि क्षेत्र के लिए अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह फसल सुरक्षा, पर्यावरणीय संतुलन और खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस प्रणाली के माध्यम से समय पर जानकारी मिलने से किसानों को उचित कदम उठाने में मदद मिलती है, जिससे कृषि क्षेत्र में स्थिरता और उत्पादकता बढ़ती है। कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा संचालित ग्रो सेफ फूड अभियान के अंतर्गत समस्त कृषि रक्षा प्राविधिक सहायकों को क्षेत्रीय कीटनाशक प्रतिष्ठानों पर ग्रो सेफ फूड के पोस्टर को लगाने के लिए वितरित किए गए।

# अलीगढ़ गौशाला में होगी पहली वार छडी मार होली

अलीगढ़। आज गौशाला में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें अलीगढ़ में पहली बार छड़ी मार होली का कार्यक्रम धूमधाम के साथ गौशाला में दिन मंगलवार 11 मार्च 12रू00 बजे से सांय 4रू00 बजे तक का ब्रज क्षेत्र के गोकुल धाम की तर्ज पर किया जाएगा जिसमें ग्वाला होंगे सखियां होगी सखियों के हाथ में छड़ी होगी ग्वालो के हाथ में लटिया होगी सखियां रंग डालकर छड़ी से मारेंगे और ग्वाला अपना बचाव करेंगे टेसू के फूल डालकर साखियां और ग्वालास रंग में डूब कर नृत्य करेंगे राधा कृ ष्ण के साथ होली का गायन नृत्य एवं फूलों की होली भी होगी उसके बाद ठंडाई भोजन की प्रसादी होगी प्रेस वार्ता में कृष्णा गुप्ता, लक्ष्मीनारायण लक्ष्क्षो, विजय सांवरिया, अविनाश कोल, राजेंद्र प्रसाद नूतन लोक, दीपक गुप्ता, अतुल, गोविंद हार्डवेयर, उमेश ऑटो पार्ट्स, नवीन मामा, ममता गुप्ता, संध्या, एंव मीडिया प्रभारी विशाल देशभक्त आदि उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

# हाथ–पैर तोड़कर पत्नी को किया घायल, कमरे में किया बंद, पांच के खिलाफ दी तहरीर

अलीगढ़ में गंगीरी के गांव तरैची में एक युवक ने अपने परिजन के साथ मिलकर पत्नी को बुरी तरह से पीटा। उसका एक हाथ और एक पैर तोड़कर कमरे में बंद कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दर्द से कराह रही पीड़िता को कमरे से बाहर निकाला, जिसके बाद उसके पिता इलाज के लिए ले गए। मामले में पति सहित पांच लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई है।गांव धनसिंहपुर निवासी छोटेलाल के अनुसार उन्होंने अपनी बेटी गुड़िया की शादी करीब साढ़े छह साल पहले थाना पालीमुकीमपुर के गांव तरैची निवासी जयप्रकाश के साथ की थी। बच्चा न होने को लेकर करीब साल भर से ससुराल वाले उनकी बेटी को प्रताड़ित कर रहे थे। कई बार पंचायत भी हुई लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। 4 मार्च को पति सहित सास–ससुर ने गुड़िया को बुरी तरह से पीटकर एक हाथ–एक पैर की हड्डी तोड़ दी और एक कमरे में बंद कर दिया। खबर मिलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर वह घायल बेटी को इलाज के लिए ले जा सके।

# जिले में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता रैली का किया गया आयोजन

अलीगढ़ जिले में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए मा0 सांसद श्री सतीश कुमार गौतम, मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय सिंह, मा0 एमएससी डा0 तारिक मंसूर, मा0 जिलाध्यक्ष श्री कृ ष्णपाल सिंह और जिला प्रशासनिक अधिकारियों ने जागरूकता रैली को कलैक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण जागरूकता अभियान का उद्देश्य महिलाओं के खिलाफ



अपराधों पर अंकुश लगाना और उनकी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करना है। सभी 15 जागरूकता वाहन प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ ही महिलाओं को उनको कानूनी हक के बारे में जागरूक करेंगी। मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति का उत्थान है।

# कासगंज जिले की पुलिस लाइन में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया



कासगंज जिले की पुलिस लाइन में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसपी अंकिता शर्मा के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।पुलिसकर्मियों को एंटी राइट गन और टीयर गैस गन के साथ अन्य दंगा नियंत्रण उपकरणों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।एसपी ने साप्ताहिक परेड का निरीक्षण भी किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड ग्राउंड में विशेष ड्रिल कराई।एसपी ने पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक किया। उन्होंने अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के निर्देश दिए। यूपी 112 पीआरवी वाहनों में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों का भी निरीक्षण किया गया।एसपी ने फर्स्ट–एड किट की जांच की और पुलिसकर्मियों को उपकरणों की नियमित सफाई और रखरखाव के लिए निर्देश दिए

## अग्निशमन विभाग के वाहन से महाकुंभ का पवित्र जल शुक्रवार को कासगंज पहुंचा



कासगंज रू अगर आप महाकुंभ नहीं पहुंच पाए और संगम में स्नान से वंचित रह गए हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है। महाकुंभ का पवित्र जल अब आपको शहर में ही मिल जाएगा। शासन की ओर से महाकुंभ न पहुंच पाने वाले लोगों के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है।अग्निशमन विभाग के वाहन से महाकुंभ का पवित्र जल शुक्रवार को कासगंज पहुंचा। डीएम मेधा रूपम ने पवित्र जल से आचमन करने के बाद जनमानस में जल का वितरण किया। महाकुंभ का पवित्र जल आप भी अपने शहर में ही प्राप्त कर सकते हैं।कासगंज अग्निशमन विभाग के डिस्ट्रिक्ट फायर ऑफिसर आरके तिवारी ने बताया कि महाकुंभ के त्रिवेणी संगम का पवित्र जल शहर पहुंचने पर लोगों में खास उत्साह देखा गया। सोरों गेट और पुलिस लाइन में अधिकारी, कर्मचारी व फरियादियों के साथ अन्य लोगों ने महाकुंभ के जल से आचमन किया। इसके बाद लोग बोतलों में पवित्र जल भरकर अपने–अपने घर ले गए।सोरों गेट के निवासी हिमांशु वार्ष्णेय ने बताया कि महाकुंभ के त्रिवेणी संगम का जल पाकर बहुत आनंद मिल रहा है। इसके साथ ही अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों का भी बहुत आभार है, जो पवित्र जल लेकर आए हैं।राहुल शर्मा ने बताया कि किन्हीं कारणों से वह महाकुंभ नहीं जा पाए थे, लेकिन आज संगम का पवित्र जल पाकर भाव–विभोर हो गए। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री जी के साथ–साथ सभी अधिकारियों का आभार प्रकट किया। इसके साथ ही अग्निशमन विभाग के वाहन से महाकुंभ का पवित्र जल सोरों गेट पर वितरित किया गया।

## होली पर्व पर अधिक से अधिक बसों का संचालन हो सके, इसके लिए परिवहन निगम ने रोडवेज बस चालक और परिचालकों के लिए 11 दिनों की प्रोत्साहन योजना शुरू



कासगंज : रोडवेज द्वारा होली पर्व को लेकर तैयारियां शुरू की गई हैं। होली पर्व पर अधिक से अधिक बसों का संचालन हो सके, इसके लिए परिवहन निगम ने रोडवेज बस चालक और परिचालकों के लिए 11 दिनों की प्रोत्साहन योजना शुरू की है। इसके तहत निर्धारित 300 किला. मीटर तक बसों के संचालन पर उन्हें 4400 रुपये की धनराशि बतौर प्रोत्साहन दी जाएगी। इस योजना में डिपो के कार्यशाला कर्मियों को भी शामिल किया गया है।कासगंज डिपो से दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम सहित अन्य मार्गों के लिए बसों का संचालन किया जाता है। होली पर्व पर यात्रियों की संख्या बढ़ेगी। इसके मद्देनजर बसों के अधिक से अधिक संचालन के लिए रोडवेज ने चालक–परिचालकों के लिए प्रोत्साहन योजना शुरू की है, जिससे यात्रियों को परेशानी न हो। यह योजना 08 मार्च से 18 मार्च तक लागू रहेगी।इसके तहत 10 दिनों तक प्रतिदिन 300 किलोमीटर बस संचालन करने वाले चालक व परिचालकों को 3500 रुपये एकमुश्त धनराशि दी जाएगी। वहीं, लगातार बिना अवकाश के 11 दिनों तक 300 किलोमीटर प्रतिदिन बसों का संचालन करने वाले चालक व परिचालकों को 4400 रुपये प्रदान किए जाएंगे। आउटसोर्सिंग के परिचालकों को निर्धारित किलोमीटर बस संचालन पर 55 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से प्रोत्साहन राशि मिलेगी। वहीं, कार्यशाला के कर्मियों को प्रोत्साहन योजना में 11 दिन ड्यूटी करने पर 1800 रुपये और 10 दिन ड्यूटी करने पर 1500 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।एआरएम ओम प्रकाश ने बताया कि योजना के अनुसार ड्यूटी करने वाले चालक–परिचालकों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। सभी बसों का संचालन किया जाएगा, जिससे होली पर्व पर यात्रियों को कोई परेशानी नहीं होगी।


जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद



आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला ब्यूरो चीफमंडल ब्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -सम्पादक
मो:-8218049162,8273402499


### एटा जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई

पिलुआ थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय किशोरी को पड़ोस की एक महिला ने अगवा कर लिया। महिला ने बच्ची को नशीला पदार्थ खिलाया और मारपीट की।किशोरी गुरुवार की शाम को घर से गायब हो गई थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की। बाद में पिलुआ कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। परिजनों ने पड़ोस की एक महिला पर शक जताया। पुलिस के दबाव के बाद आरोपी महिला ने गुरुवार की देर शाम को किशोरी को बेहोश हालत में घर के बाहर छोड़ दिया।पीड़िता के चेहरे और गले पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया है और उसे वन स्टॉप सेंटर भेज दिया है। आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया गया है। पीड़िता के पिता ने बताया कि आरोपी महिला घर में रखे 35 हजार रुपए भी ले गई। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों और महिलाओं ने शहीद पार्क में एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया। किसान नेता दीपक शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी एसएसपी श्याम नारायण सिंह से मिले। एसएसपी ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए दो पीड़ितों के खाते में वापस कराई 4,10,000 रूपए की शत–प्रतिशत धनराशि थाना साइबर क्राइम को मिली सफलता



कासगंज/संवाददाता इंद्रपालद राजपूत

पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद में साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के क्रम में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम कासगंज द्वारा आनलाइन ठगी का शिकार हुए आवेदक 1– रविन्द्र सिंह पुत्र भूप सिंह नि0 नगरिया नगला भीमसेन, थाना व जनपद कासगंज के साथ हुए 2,30,000 रुपए के ऑनलाइन फ्रॉड एवं 2राजेश कुमार पुत्र रामभरोसे लाल नि0 नगरिया नगला भीमसेन, थाना व जनपद कासगंज के साथ हुए 1,80,000 रुपए के ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायत का संज्ञान लिया गया।थाना साइबर क्राइम कासगंज द्वारा मामले की गंभीरता से जांचकर व त्वरित कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ताधपीड़िितों उपरोक्त की साइबर ठगी हुई शत–प्रतिशत धनराशि 2,30,000 रुपये व 1,80,000 रुपए कुल 4,10,000 रुपए को वापस कराया गया है । अपने पैसे वापस पाकर आवेदिकगण द्वारा कासगंज पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की गई है ।थाना साइबर क्राइम, कासगंज द्वारा साइबर ठगी से बचने हेतु आमजन को संदेशकिसी भी अनजान लिंक पर क्लिक ना करें, अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर आदि गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा ना करें । साइबर फ्राड्धोखाधडी होने पर तत्काल बलइमत चवतजंस पर शिकायत करें या 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करायें ।

## कासगंज के कोतवाली सहावर क्षेत्र में शुक्रवार . को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई

कासगंज के कोतवाली सहावर क्षेत्र में शुक्रवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। रेखपुर गांव के समीप गौराहा नहर में एक 50 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिला। स्थानीय लोगों ने दोपहर 3 बजे नहर में तैरते शव को देखा। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस महिला की पहचान करने में जुटी है। साथ ही यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि महिला कहां की रहने वाली थी और उसकी मृत्यु किस परिस्थिति में हुई। पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मृतक की पहचान और मौत के कारणों का पता लगाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे

## दो लाख फूलों से सजी रामायण वाटिका, शिवलिंग और राम मंदिर की झलक देखने को लोगों की उमड़ी भीड़



बरेली रू बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) द्वारा तीन दिवसीय भव्य फ्लावर शो की शुरुआत शुक्रवार को रामगंगा नगर आवासीय परियोजना में हुई। रामायण वाटिका को करीब दो लाख फूलों से सजाया गया है, इसके बाद वाटिका को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी।करीब 30 हजार वर्ग मीटर में बनी इस वाटिका में श्रीराम के वनवास के विभिन्न प्रसंगों को दर्शाया गया है। इसके अलावा, अलग–अलग प्रजातियों के फूलों और लाइटिंग की विशेष व्यवस्था की गई है। बीडीए अधिकारियों की मंशा है कि यह उत्तर प्रदेश का सबसे भव्य फ्लावर शो बने। बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ए ने बताया कि इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं।कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने कहा कि फ्लावर शो में फूलों से शिवलिंग, राम मंदिर और लंका जैसी आकृतियां बनाई गई हैं, जो इसे खास बना रही हैं। बड़ी संख्या में लोग इस अनूठी प्रदर्शनी को देखने पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस आयोजन से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और जल्द ही यहां साइंस पार्क और वेस्ट टू वंडर जैसे पार्क भी विकसित किए जाएंगे।इस मौके पर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल विधायक एमपी आर्य, विधायक डीसी वर्मा, सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक राघवेंद्र शर्मा और जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक के प्राइवेट परीक्षा फार्म भरने की तिथि पांच दिन बढ़ी

बरेली : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक के प्राइवेट परीक्षा फार्म भरने की तिथि पांच दिन बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 10 मार्च तक ऑनलाइन परीक्षा फार्म भर सकेंगे।परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 की स्नातक के बीए और बीकॉम प्रथम वर्ष के सिर्फ अनुत्तीर्ण, छूटी हुई परीक्षा के विद्यार्थियों के लिए, द्वितीय और तृतीय वर्ष और स्नातकोत्तर के एमए और एमकॉम के प्रथम वर्ष के सिर्फ अनुत्तीर्ण और छूटी हुई परीक्षा और द्वितीय वर्ष के प्राइवेट फार्म भरने की अंतिम तिथि 5 मार्च थी। छात्रहित में इसे बढ़ा दिया गया है। अब विद्यार्थियों को 10 मार्च तक फार्म भरने होंगे और 11 मार्च तक भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे। महाविद्यालयों को 11 मार्च तक ही ऑनलाइन फार्म सत्यापित करने होंगे।विश्वविद्यालय ने बीएएमएस के परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक बीएएमएस प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष, बीडीएस चतुर्थ वर्ष की पूरक परीक्षा और एमडी आयुर्वेद की मुख्य परीक्षा के फार्म अब 10 मार्च तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। विद्यार्थियों को भरे हुए फार्म 11 मार्च तक महाविद्यालय में जमा करने होंगे और महाविद्यालयों को इसी दिन तक ऑनलाइन फार्म सत्यापित करने होंगे।


पीड़ित ध्यान दें
यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं
यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।
यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।
इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देना आवश्यक है। इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।
मो. 8218049162
email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com